भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 03.05.2023

आरेडिका ने रचा इतिहास बनाया 10,000 वॉ कोच

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली ने चालू वित्त वर्ष 2023–24 के प्रथम माह (अप्रैल) में 10,000 वें कोच का निर्माण कर एक माइलस्टोन स्थापित किया। वित्तवर्ष 2022–23 के अंत में कुल कोच उत्पादन 9981 तक पहुँच गया, अप्रैल 2023 में आरेडिका का कोच उत्पादन 10,000 के ऑकडे को पार कर गया। आरेडिका रेल मंत्रालय की एक नव स्थापित उत्पादन इकाई है जिसने ने यह उपलब्धि एक अल्प समय में अर्जित की है जो टीम आरेडिका की अपने कार्य प्रति लग्नशीलता एवं समर्पण भावना को दर्शाती है।

इन 10 हजार कोचों में रेलवे के विभिन्न प्रकार कोच जैसे हमसफर, तेजस, अन्त्योदय, दीनदयालु, भारत गौरव, ब्रेकयान, पार्सलबैन, ट्रैक रिकोर्डिंग कार, इकोनॉमी कोच,मोजाम्बिक के लिए डेमो लोको एवं हॉल्ड कोच आदि सम्मिलित हैं कोचों में गुणवत्ता संबंधित सभी मानकों का पालन किया। जिससे यात्रियों की सफल एवं सुरक्षित यात्रा के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कोचों के उत्पादन से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों को उनकी मेहनत एवं लग्न के लिए बधाई दी तथा भविष्य में इस प्रकार के कीर्तिमान स्थापित करते हुए आरेडिका को नित नई–नई ऊँचाइयों पर पहुचाने के लिए प्रेरित किया।

03/5/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी